AGRICULTURE RESEARCH SUB STATION
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY)
Kumher,Distt. Deeg (Raj.) - 321201

Dr.Ramphool Puniya
Officer Incharge

Mobile No.: 9419256071, 7006932187
Email: incharge.arss.kumher@sknau.ac.in

No. F. /Estt./ARSS/K/2025/ 891-96 Dated: 03-09-2025

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर (भरतपुर) फार्म पर वर्ष 2025–26 के लिए केन्द्र पर बेर उद्यान यूनिट के 70 फलदार पौधों की खुली बोली नीलामी की जायेगी। अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक 12.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे फार्म पर उपस्थित होकर मौके पर बोली लगा सकते है। नीलामी सूचना को सम्पूर्ण अथवा किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

**केन्द्र पर उद्यान की यूनिट में फल दार पौधे हेतु खुली नीलामी की शर्ते निम्न प्रकार से है :–**

1. समस्त शर्तो को ध्यान पूर्वक पढे एवं हस्ताक्षर करें।
2. बेर के बाग के पौधों के फलों की सरकारी बोली रु. 30000/– है तथा बोली लगाने से पूर्व बोलीदाता को रु.3000/– धरोहर राशि के रुप में जमा कराने होगें। असफल बोलीदाता की राशि खुली नीलामी पूर्ण होने पर वापिस कर दी जावेगी। सफल बोलीदाता की धरोहर राशि को मूल राशि में समायोजित नही किया जावेगा। यह राशि फल समाप्ति के बाद लौटाई जावेगी। इस राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा। अन्तिम बोली की सम्पूर्ण राशि बोली दिनांक के एक सप्ताह में जमा करानी होगी।
3. ये ठेका वर्ष 2025–26 के बेर फलों की समाप्ति तक मान्य होगा ।
4. स्वीकृत बोलीदाता को सिंचाई संबंधी पम्पसैट,पाईप व अन्य सामान गिनकर लिखित में प्राप्त करना होगा व गिनकर वापस जमा करना होगा व जिसकी चौकीदारी स्वंय ठेकेदार को ही करनी होगी।
5. बेर बाग में लगे फल देने वाले पेड–पौधो में निराई, गुडाई, थॉवले बनाना, सिचाई कार्य, दवाई का छिडकाव व फलों की चौकीदारी स्वयं ठेकेदार को करना होगा।
6. बेर बाग, पेड–पौधो में उच्चतम बोली दाता को ही दिया जायेगा। अधिकतम बोली होने पर भी ठेका छोडने या न छोडने का अधिकार अघोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
7. फल उत्पादन में लगने वाले समस्त मजदूरी की व्यवस्था स्वंय ठेकेदार की होगी।
8. श्रमिक क्षति होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
9. किसी भी प्रकार के विवाद के निपटारे हेतु विवाद कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर (जयपुर) के आर्बीटेशन में प्रस्तुत करना होगा एवं उनका निर्णय दोनो पक्षों को मान्य होगा।
10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को होगा।
11. निविदादाता के मजदूर व स्वंय फार्म पर मदिरा व अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन नहीं करेगे और न ही किसी अन्य को करने देंगे।
12. सफल निविदादाता को 500 रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निविदा प्रपत्र में दर्शायी गयी समस्त शर्तों को लिखकर सहमति देनी होगी।

प्रभारी अधिकारी

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित है:–

1. श्रीमान निदेशक अनुसंधान, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
2. श्रीमान क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगावां–अलवर
3. श्रीमान वित्त नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ।
4. प्रभारी, सिमका श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय वेबसाइट www.sknau.ac.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करे।
5. कमेटी कन्वीनर / सदस्य / लेखाशाखा / ........................................................................
6. श्रीमान् डीन, कृषि महाविद्यालय, भरतपुर, के.वी.के., कुम्हेर के सूचना पट्ट।
7. पंचायत समिति कार्यालय, कुम्हेर (भरतपुर) के सूचना पट्ट ।
8. रक्षित फाइल ।

प्रभारी अधिकारी
कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर
भरतपुर (राज0)